# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष - 26 | जून -II- 2024 | अंक - 06 | माउण्ट आबू | Rs.-12


# दुआएं देते जाएं... तो सब अच्छा होता जायेगा : ब्र.कु. शिवानी

**विशेषज्ञा ने कहा...**

- अंधेरा मिटाने के लिए खुद को दीया बनना होगा
- संकल्प श्रेष्ठ बनायें...सृष्टि श्रेष्ठ बन जायेगी
- मन से क्षमा कर दें और क्षमा मांग लें



**देहरादून-उत्तराखंड।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा बन्नू इंटर कॉलेज,रेस कोर्स,देहरादून में आयोजित 'जीवन की चुनौतियों का समाधान' विषयक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रेरक वक्ता व जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी बहन ने कहा कि परिस्थितियां एक अंधेरे के समान हैं, उस अंधेरे को दूर वो स्थूल मिट्टी का दीया नहीं करेगा, वो दीया हमें खुद को बनना होगा। हमें लेने वाला नहीं देने वाला बनना होगा तभी हम देव संस्कृति को प्रत्यक्ष कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि संकल्प से सृष्टि बनती है, सृष्टि से संकल्प नहीं। इसलिए हमें पहले अपने अंदर स्वर्ग लाना है, फिर अपने घर में, फिर समाज में, फिर संसार स्वर्ग बन जायेगा। शिवानी बहन ने बताया कि आज जो भी हमारे साथ हो रहा है, वो मेरे ही कर्म का फल है। अतः आज जो वर्तमान मेरे हाथ में है उसे श्रेष्ठ रीति से बिताना है, भविष्य अपने आप अच्छा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जिसने भी आज तक मेरे साथ कुछ भी गलत किया, उसे मन ही मन क्षमा करें और उससे मन ही मन क्षमा मांगें क्योंकि मैंने भी कभी उसके साथ कुछ गलत किया था। दुआएं देते जाएं, देते जाएं तो सब अच्छा-अच्छा होता जायेगा।

कार्यक्रम में राजयोगिनी ब्र.कु. मंजू दीदी, राजयोगिनी ब्र.कु. मीना दीदी, विधायिका सविता कपूर, डॉ. रेनू सिंह,निदेशिका फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट, सुनील उनियाल गामा, इंदर सिंह, अनीता जी, संगीता जी, सार्थक वोहरा, रितिका राठौर, अनिल राठौर, डॉ. विशाल शर्मा, आशा नौटियाल व अन्य अनेक प्रतिष्ठित लोगों सहित 7000लोगों ने शामिल होकर लाभ लिया।

# राम राज्य की स्थापना के लिए संकल्प से सिद्धि की ओर जाने की आवश्यकता

**हरिद्वार-उ.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ की अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता राजयोगिनी ब्र.कु. शिवानी बहन ने कहा कि आज हम साधनों और परिस्थितियों के गुलाम हो गए हैं और इनकी गुलामी से मुक्ति पाकर ही हम स्वराज यानी आत्मनिर्भर भारत बना सकते हैं।

ब्र.कु. शिवानी बहन ने उक्त उद्गार हरिद्वार में प्रेम नगर आश्रम के सभागार में ब्रह्माकुमारीज़ के स्थानीय सेवाकेंद्र द्वारा आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि रामराज्य का मतलब सत्य ,शांति, सुखमय और आध्यात्मिक जीवन जीना है जबकि रावण राज्य के मायने विकारों से युक्त जीवन जीना है। अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर राम राज्य की स्थापना करने का संकल्प लिया गया। किंतु इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए हमें किसी का इंतज़ार नहीं बल्कि हरेक को स्वयं ही सुख, शांति, स्नेह की स्थापना करने के प्रयास करने होंगे।

> शिवानी बहन ने कहा कि परमात्मा से आत्मा का मिलन ही राजयोग है और इसके लिए हमें जीवन में शुद्ध संस्कारों का निर्वहन करना होगा। मनुष्य के इस जन्म के कर्म ही अगले जन्म का निर्धारण करते हैं। कोई आत्मा अपने इस शरीर को छोड़ नए शरीर में यानी नए परिवार में जाना चाहती है तो हम उसे रोके नहीं बल्कि उसे खुशी-खुशी विदा करें। जब वह आत्मा खुशी से पुराने शरीर से नए शरीर में प्रवेश करती है तो वह हमें आशीष देती है और हमारे परिवार में सदैव खुशी बनाए रखती है। यही राजयोग है।

स्थानीय ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. मीना दीदी ने गुलदस्ता भेंट कर शिवानी बहन का स्वागत किया। राज्य सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक मदन कौशिक, कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेश अग्रवाल, जगदीश लाल पाहवा, ब्र.कु. सुशील भाई, समाजसेवी विशाल गर्ग व समाजसेविका मनु शिवपुरी ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर ब्र.कु. शिवानी बहन का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर महंत गुरमीत सिंह, संत डॉ . रवि देव शास्त्री, उत्तराखंड महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष डॉ संतोष चौहान, बीएचईएल हरिद्वार के पूर्व कार्यकारी निर्देशक संजय गुलाटी, सीआईएसएफ के कमांडेंट एस.डी.आर्य, समाजसेवी सुधीर कुमार गुप्ता, गुरुद्वारा गुरु अमर दास कनखल की संचालिका श्रीमती विनिन्दर कौर'बिन्नी' सोढ़ी, ग्रीन मैन विजयपाल बघेल, प्रमोद चंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी डॉ. राधिका नागरथ, निवेदिता, मार्शल आर्ट वुशु की नेशनल कोच आरती सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



दीप प्रज्वलित करने के पश्चात् संतजनों के साथ राजयोगिनी ब्र.कु. शिवानी बहन, राजयोगिनी ब्र.कु. मंजू बहन, ब्र.कु. मीना बहन तथा अन्य।




**हरियाणा के सिरसा जिले के ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र 'आनन्द सरोवर' पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

# 'स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण' थीम को दीप प्रज्वलित कर किया लॉन्च

**सिरसा-हरियाणा।** माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र आनन्द सरोवर पहुंचे और सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान भटके हुए मनुष्य को सही राह दिखाकर मंज़िल तक ले जाने का पुनीत कार्य कर रहा है। उन्होंने नशों में ग्रस्त युवाओं के प्रति चिन्ता ज़ाहिर करते हुए कहा कि नशा विकास कार्य में बहुत बड़ी बाधा है। यह परिवार को समाप्त कर देता है। जिसके कारण देश की प्रगति भी रुक जाती है। लेकिन ऐसे में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा चलाया जा रहा अभियान अति सराहनीय है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ब्रह्माकुमारीज़ के इस वर्ष की थीम 'आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ और स्वस्थ समाज' को दीप प्रज्वलित करके लॉन्च किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने इस दौरान पौधारोपण कर नशामुक्त जीवन अभियान के तहत पूरे जिले में चलाए जा रहे रथ का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्र.कु. बिन्दू बहन ने मुख्यमंत्री का आनन्द सरोवर में पहुंचने पर आभार प्रकट किया और संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान मानव को शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक रूप से विकसित कर सम्पूर्ण मानव बनाने हेतु समर्पित है। यहां बाहरी स्वच्छता के साथ-साथ आंतरिक शुद्धिकरण हेतु विशेष अभियान आदि चलाकर जन-जन को जागरुक किया जाता है। कार्यक्रम में बीजेपी के गोविन्द काण्डा, अशोक तंवर, महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया, वरिष्ठ नेता जगदीश चोपड़ा, जिला प्रभारी वेद फूलां, जिला अध्यक्ष निताशा सिहाग, हनुमान कुण्डू आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इसके अलावा ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के सिरसा जिले के विभिन्न सेवाकेन्द्रों की प्रभारी बहनें, माउंट आबू से राजऋषि गोकुल गांव अभियान टीम के मुख्य ब्र.कु. चन्द्रेश भाई व नशामुक्ति अभियान टीम के मुख्य ब्र.कु. आदित्य भाई सहित अन्य भाई-बहनें भी मौजूद रहे।